तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कोरबा ब्लाक में आने वाले दो स्कूलों की जिम्मेदारी संभालते हैं पोड़ी उपरोड़ा बीईओ



## खबर संक्षेप

### स्टेट लेवल वॉलीबॉल टीम के लिए ट्रायल आज से

**कोरबा।** स्टेट लेवल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए कोरबा के (महिला एवं पुरुष) खिलाडियों का सिलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। एसईसीएल मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित ट्रायल में सीनियर कैटेगरी में खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी खिलाड़ी प्रॉपर किट में आकर चयन स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। चयनित खिलाड़ी जिले की टीम से स्टेट चैम्पियनशिप में उतरेंगे। जो 25 से 28 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित है। जहां पर सीनियर छत्तीसगढ़ (महिला एवं पुरुष) वर्ग की वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा, जो 4 जनवरी से 11 जनवरी तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ की वार्षिक बैठक संपन्न

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर मंडल की वार्षिक बैठक पटेल भवन बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राकेश साहू ने की। मंच संचालन मंडल सचिव प्रोम्पी कुमार सिंह ने किया। प्रमुख अतिथि एवं वक्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पटेल उपस्थित रहे। मंच पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ बिलासपुर जोन के महामंत्री तिरुमलेश नायडू, जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, सहायक सचिव नूतन वर्मा, टाटाबाबू राव तथा मंडल चुनाव अधिकारी संजय तिवारी भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री उपस्थित थे। प्रोम्पी कुमार सिंह ने संघ के वार्षिक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच से संजय तिवारी, राकेश साहू, संतोष पटेल एवं तिरुमलेश नायडू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### छराविम पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया वनभोज का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला ईकाई के सदस्य पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं। इस वर्ष हसदेव नदी के किनारे जोराघाट पिकनिक मनाने के लिए कोरबा पूर्व व पश्चिम के 90 सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों ने क्रिकेट के तर्ज पर गिल्लि-डंडा खेल कर अपने बचपन के दिनों की याद ताजा करते हुए भरपूर आनंद उठाया। इस खेल में दो टीम का गठन किया गया। प्रथम टीम अध्यक्ष, प्रांतीय प्रबंधकारिणी, रायपुर व द्वितीय टीम अध्यक्ष, कोरबा जिला की बनाई गई। इस रोमांचक मुकाबले में प्रथम टीम ने 275 प्वाइंट्स व द्वितीय टीम ने 270 प्वाइंट्स बनाये, इस तरह मात्र 5 प्वाइंट्स से अध्यक्ष, प्रांतीय प्रबंधकारिणी की टीम विजेता रही। इस आयोजन में एसपी रेगे, एमएल विश्वकर्मा, एसके निगम, एनसी जैन, पंचमलाल राठौर, कार्तिक राम कैवर्त्य, दयाल दास वैष्णव, एसके कुदेसिया, निकेतराम राठौर का सहयोग रहा।

### जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी ने खोला मोर्चा

**कोरबा।** गोढ़ी में संचालित वेस्टर्न कोक प्रोडक्ट्स (कार्बन फैक्ट्री) के खिलाफ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदूषण, श्रमिकों के शोषण एवं दुर्घटना सहित अन्य मुद्दों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए फैक्ट्री को बंद करने की मांग की गई है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कार्रवाई नहीं होने की दशा में पीड़ितों ग्रामीणों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए फैक्ट्री में तालाबंदी की जाएगी। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों के साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। बेरोजगार युवकों को रोजगार का प्रलोभन देकर बुलाया जाता है, किंतु उन्हें जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट एवं कम मजदूरी दी जाती है। मजदूरी का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता तथा मनमाने ढंग से नौकरी से निकाल दिया जाता है।

# कोरबा पॉवर लिमिटेड विस्तार परियोजना से नए वर्ष में विद्युत उत्पादन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पॉवर लिमिटेड के विस्तार परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई का काम तेज गति से जारी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो 660 मेगावाट की इकाई क्रमांक 3 का मार्च व 660 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 से दिसंबर 2026 तक कमीशनिंग कर दी जाएगी। वहीं विस्तार परियोजना के तीसरे फेज की भी तैयारी जोरों पर है। तीसरे फेज में 800 मेगावाट की दो इकाईयों की स्थापना की जाएगी।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि पताड़ी में स्थित लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के विद्युत संयंत्र का अडानी पावर लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहण करने के बाद संयंत्र को कोरबा पावर लिमिटेड नाम दिया गया। अधिग्रहण के दौरान दूसरे फेज की विस्तार परियोजना की 1320 मेगावाट क्षमता वाली 3 एवं 4 नम्बर इकाई का कार्य रूका हुआ था। कोरबा पॉवर लिमिटेड का प्रबंधन हाथ में लेते ही 1320 मेगावाट क्षमता वाली इकाइयों को पूरा करने के काम में तेजी लाई गई। इधर बताया जा रहा है कि 660 मेगावाट क्षमता वाली 3 नंबर इकाई की कमिशनिंग मार्च 2026 में कर ली जाएगी। 660 मेगावाट क्षमता वाली 4 नम्बर इकाई की कमिशनिंग दिसम्बर 2026 तक होगी। 3 एवं 4 नम्बर की इकाई की कमिशनिंग के बाद कोरबा पावर लिमिटेड की उत्पादन क्षमता 600 मेगावाट से बढ़कर 1920 मेगावाट हो जाएगा।

### तीसरे फेज में 8 सौ मेगावाट की दो इकाई होंगी स्थापित

**खास बात**

- 660 मेगावाट की इकाई क्रमांक 3 से मार्च में व इकाई क्रमांक 4 से दिसंबर 2026 में विद्युत उत्पादन की कवायद



### तीसरे फेज की तैयारी भी जारों पर

दूसरी ओर अडानी पॉवर लिमिटेड ने तीसरे फेज की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। तीसरे फेज में कोरबा पॉवर लिमिटेड परिसर में 800 मेगावाट क्षमता वाली 5 एवं 6 नंबर इकाई स्थापित की जाएगी। दोनों इकाइयां अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित होंगी। अडानी पॉवर लिमिटेड ने मुख्य संयंत्र उपकरणों का ऑर्डर भी दे दिया है। तीसरा चरण पूरा होने के बाद कोरबा पॉवर लिमिटेड की विद्युत उत्पादन क्षमता 3520 मेगावाट हो जाएगी।

### कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले बांगो डूबान का क्षेत्र

# बुका की गूंज पहुंची विदेशी धरती तक, लंदन से पहुंचे पर्यटक



पर्यटन केंद्र में लंदन से आए पर्यटक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो डूबान का क्षेत्र बुका जिसके चारों तरफ घने वन और नीला नीला पानी जिसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। बुका पर्यटन केंद्र छग और भारत में ही नहीं बल्कि अब इसकी गूंज विदेशों तक पहुंचने लगी है। लंदन से एक पर्यटकों की टीम बुका पहुंची हुई है जहां एक दिन व रात गुजारने के बाद यह टीम ने अलगे दिन बुका पर्यटना केंद्र और बुका के चारों ओर फैले आइलैंड में पहुंचे थे जहां उन्होंने प्रकृति का जमकर आनंद उठाया है।

जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर कटघोरा वन मंडल अंतर्गत आने वाला बांगो डूबान का क्षेत्र जिसे बुका के नाम से जाना जाता है। इस पर्यटन केंद्र जिले में प्रकृति की गोद में छिपे कई ऐसे अनमोल रत्न हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। उन्हीं पर्यटन स्थलों में से एक है बुका है. अंबिकापुर रोड पर स्थित इको पर्यटन केंद्र बुका का नजारा मॉरीशस जैसा है। यहां नौका विहार, ग्लास हाउस, हसदेव हाउस और लेक हाउस में ठहरने का अनुभव अद्वितीय है। बुका झील के चारों ओर लगभग 35 छोटे-छोटे टापू फैले हुए हैं और यहां कई प्राकृतिक सौंदर्य के दृश्य पर्यटकों का दिल जीत लेते हैं। हर साल इस पर्यटन केंद्र में देश के विभिन्न कोनों से पर्यटक पहुंचते हैं अब इसकी गूंज विदेशों तक पहुंचने लगी है। बताया जाता है कि लंदन से पर्यटकों की टीम शनिवार को बुका पहुंची थी जहां पर्यटकों ने शनिवार की रात गुजारने के बाद रविवार को भी बुका पर्यटन केंद्र के अदभूत नजारे को कैमरे में कैद किया साथ ही मोटर वोट के माध्यम से नीले नीले पानी में विदेशी पर्यटकों ने जमकर आनंद उठाया है।

### रविवार को पहुंचते हैं हजारों की संख्या में पर्यटक

इन दिनों सर्दी का मौसम चल रहा है और शनिवार और रविवार को बुका पर्यटन केंद्र में हजारों की संख्या में दूर दूर तक पर्यटक पहुंचते हैं। चार महीने में बुका पर्यटन केंद्र में लगभग 20 से 25 हजार पर्यटक पहुंचते हैं। बुका पर्यटन केंद्र जो बांगो डूबान का क्षेत्र है। पानी की गहराई 200 से 300 फीट है और इसकी हरियाली को देखते हुए इसे छत्तीसगढ़ का मॉरिशस कहा जाने लगा है। यहां का सूर्य के उगने व शाम को डूबने का नजारा अद्भुत होता है। जबकि दिनभर के विभिन्न मौसम में जल का रंग बदलता रहता है। गर्मी के मौसम में, लोग सुबह-शाम बोटिंग करने के लिए यहां दूर-दूर से आते हैं। बुका झील में सफर करने के दौरान पर्यटक प्राकृतिक टापुओं के बीच बोटिंग का आनंद ले सकते हैं। यहां के पेड़-पौधों की श्रृंखला मन को शांति देती है। जल विहार के लिए टेंट, रेस्ट हाउस और ग्लास हाउस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध है।

# दंतैल हाथियों ने फिर ढहाया मकान, ग्रामीण भयभीत



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले से पहुंचे दंतैल हाथियों ने शनिवार की रात पसान रेंज के तवरिहा गांव में उत्पात मचाते हुए जहां एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। वहीं एक अन्य ग्रामीण के घर के सामने के हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों का आतंक क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार तीन दंतैल हाथी इस माह मरवाही रेंज की सीमा को पार कर पहुंचे हैं। तब से लगातार क्षेत्र में उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन के नाक में दम कर रखा है। हाथी प्रतिदिन किसी न किसी गांव में प्रवेश कर खलिहान में रखे धान को चट कर रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थीक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन न तो वन विभाग उन्हें राहत दे रहा है और न ही प्रशासन। क्षेत्र में मौजूद उत्पाती हाथी ऐसे समय में ग्रामीणों के धान को नुकसान पहुंचा रहे है जब ग्रामीण उसे खेतों से काटकर खलिहान में ले आते हैं और उसे मिसाई कर धान खरीदी केंद्रों में बिक्री हेतु ले जाने की तैयारी में रहते हैं। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा तवरिहा में दंतैल हाथियों के आने तथा घर तोड़े जाने की सूचना दिये जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आकंलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। इससे पहले हाथियों ने तरईनार गांव में पहुंचकर दो ग्रामीणों के घर को निशाना बनाया था। इस घटना में मकान मालिक व उसके परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गये थे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक चढ़ा टावर में, समझाइश के बाद उतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक की पत्नी से वाद विवाद हो जाने पर परेशान पति ने आत्महत्या करने की नियत से मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों हंगामा करता रहा पुलिस की टीम को जब इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंची और किसी तरह से समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा गया। तब जाकर पुलिस की टीम ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी अंतर्गत रावणभांटा निवासी करण चौहान घरेलू विवाद से आहत होकर रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे मोहल्ले में लगे जिओ टावर पर चढ़ गया और हंगामा शुरु कर दिया। युवक की गतिविधियों को देखकर स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना रजगामार चौकी पुलिस को दी। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मौके पर पहुंचे परिजन और मुहल्ले वासी व पुलिस की टीम ने करण को किसी तरह समझाइश दी और उसे टावर से नीचे उतारा गया और उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।



टावर पर चढ़ा युवक।

### कई घटनाएं आ चुकी है सामने

जिले में पहले भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। कई सिरफिरे युवक बिजली टावर पर चढ़कर इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं लेकिन अब तक किसी भी मामले में कोई बड़ी जन हानि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि कुछ माह पहले सूरज कुमार नामक युवक जानबूझकर शराब के नशे में इस तरह की घटना को अंजाम देने के लिए टावर में चढ़कर नौटंकी कर रहा था बाद में उसे समझ देकर नीचे उतार लिया गया था।

# बकरा चोर को पकड़ने लगे थे ग्रामीण लेकिन पकड़ा गया कोयले से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी चोर गिरोह सक्रिय है। ग्रामीणों की टीम बकरी चोरों को पकड़ने के लिए तड़के डेरा जमाए हुए थे। इस दौरान बकारी चोर नहीं पकड़ा गया लेकिन कोयले से भरी एक ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग और पुलिस विभाग को सुपुर्द किया है। वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरु कर दी है कि आखिर कोयला कहां से लाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत कोरबा जिले का बार्डर ग्राम गिद्धमुड़ी के ग्रामीण बकरा चोर गिरोह को पकड़ने के लिए शनिवार की तड़के लगभग 4 बजे बैठे हुए थे। इस दौरान उन्हें संदेह हुआ कि एक ट्रक में बकरा भरकर ले जाया जा रहा है जब ग्रामीणों ने उक्त ट्रक को रोकने की कोशिश की तो ट्रक चालक ने ट्रक को नहीं रोका और वहां से भागने लगा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस के अफसरों को दी। जिसके उपरांत पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने मोरगा के समीप ट्रक को रोका तो उसकी पड़ताल की तो उसमें कोयला लोड था। वन विभाग के मुताबिक उक्त वाहन को जप्त कर लिया गया है। प्राथमिक जांच के दौरान ट्रक चालक ने जो दस्तावेज पेश किये हैं उसमें यूपी चंदौली से रायपुर कोयला ले जाने का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है लेकिन यह बात वन विभाग के गले नहीं उतर रही है। वन विभाग की टीम मामले की बारिकी से जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि ट्रक में लोड कोयला चोरी का है या फिर दस्तावेज सही है। जिसके आधार पर फिर वन विभाग की टीम मामले में अग्रिम कार्यवाही करेगी।

**खास बातें**

- वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने जब्त किया ट्रक, जांच के बाद ही मामला होगा स्पष्ट
- यूपी के चंदौली से कोयला ले जाया जा रहा था रायपुर



पकड़े.गए ट्रक के साथ ग्रामीण एवं वनकर्मी।

### पंचनामा कराना भी हुआ अनिवार्य

# एसआईआर हेतु बढ़ाई गई समयावधि, बीएलओ को लेने होंगे मृत्यु प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयावधि एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। 18 दिसंबर तक इसके अंतर्गत कई नई जिम्मेदारियां लेवल अधिकारी को पूरी करनी होगी। खास तौर पर मृत हो चुके मतदाताओं और दूसरी जगह शिफ्टेड होने के मामले में संबंधित प्रमाण पत्र और पंचनामा की अनिवार्यता की गई है। ऐसी स्थिति में बूथ लेवल अधिकारियों को एक बार फिर से आसपास के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

निर्वाचन आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन कार्यक्रम की शुरुआत पिछले महीने की गई। अंतिम रूप से इसे 12 फरवरी तक पूरा करना था। अगली कड़ी में डाटा अपडेशन के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन करने के प्रावधान थे। आवश्यक कारणों से निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर से इंसेंटिव रिवीजन की समय अवधि को 18 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। लेकिन इस बड़ी हुई अवधि में पुराने काम के बजाय उन कार्यों को करना है जिनमे संबंधित पोलिंग बूथ के अंतर्गत मतदाताओं की मृत्यु हो गई है या फिर वे मौजूदा स्थान से हटकर कहीं और शिफ्ट हो चुके हैं। किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है तो हर हाल में उसकी मृत्यु प्रमाण पत्र लिया जाए। परिवार और आसपास के लोगों से इसका पंचनामा कराया जाए। इसी प्रकार से जो मतदाता किसी दूसरे स्थान पर जा चुके हैं इस बारे में पुष्टि करने के लिए भी पंचनामा की प्रक्रिया को पूरा करना जरूरी है। फॉर्मेट के आधार पर बूथ लेवल अधिकारियों को गणना प्रपत्र में संबंधित प्रविष्टि करना है और फिर इसे अपडेट करना है। यह होने पर ही विभिन्न मामलों में स्थिति को प्रामाणिक माना जाएगा। आयोग की ओर से दी गई नई व्यवस्था के अंतर्गत एक बार फिर से विभिन्न प्रकरणों में जानकारी एकत्रित करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों को अब अपने आसपास चक्कर लगाने के साथ जानकारी लेनी पड़ रही है। उनका कहना है कि अगर स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन की प्रक्रिया के शुरू होने से पहले जो निर्देश दिया गए थे, उसी में इस चीज को स्पष्ट कर दिया गया होता तो समय भी बचत और अनावश्यक परिश्रम भी नहीं करना पड़ता।



फाइल फोटो

### सरपंचों की पाली में आयोजित हुई बैठक

**पाली।** विश्राम गृह में जिला सरपंच संघ का गठन किया गया। बैठक में जिले के पांचों विकासखंडों के सरपंच संघ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में सरपंच साथी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम मांगामार के सरपंच छत्रपाल सिंह राज को जिला सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### इमारती लकड़ी शीशम के पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी

बिलासपुर। वन मंडल बिलासपुर के कोटा वन रेंज में इमारती लकड़ी शीशम के पेड़ों पर खुलेआम कुल्हाड़ी चलाई जा रही है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। पिछले दिनों कोटा वन परिक्षेत्र में एक फारेस्ट गार्ड के गाड़ी में लाल बत्ती लगाकर अवैध वसूली का मामला अभी तक थमा नहीं है। अब उसी फारेस्ट गार्ड के क्षेत्र में इन दिनों शीशम की इमारती लकड़ी की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। कोटा के ग्राम पंचायत सलका रेंज में शीशम के कई बड़े-बड़े पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई है, जिसकी भनक वन विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों को नहीं है। इस संबंध में कोटा क्षेत्र के एसडीओ अनिल भास्करन का कहना है कि लकड़ी कटाई की जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सूने मकान से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर**। चोरों ने एक सूने मकान में धावा बोलकर सोने के जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 27 खोली विकास नगर निवासी श्रद्धा सिंह ठाकुर पति रविन्द्र सिंह 2 दिसंबर को घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने गांव मुंगेली पवनी चली गई थी। 13 दिसंबर को उनके किराएदार ने फोन में सूचना दी। उनके मकान में चोरी हो गई है। वे वापस घर लौटीं तो ताला टूटा मिला और अंदर में सामान अस्त व्यस्त थे। घर से सोने का हार, सोने की अंगूठी, 10 रुपए की गड्डी 1 हजार रुपए चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कुत्ता काटने के विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर**। कुत्ता काटने के विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया है। पीड़ित को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सीपत पाण्डेयपुर निवासी शिवकुमार सूर्यवंशी ने बताया, उनके पड़ोसी राजकुमार सूर्यवंशी ने कुत्ता पालकर रखा है। 14 दिसंबर को उनका पालतू कुत्ते ने उनके परिवार के बच्चे व बुजुर्ग को काट लिया। उनका बेटा संत कुमार सूर्यवंशी 24 साल पड़ोसी के घर शिकायत करने गया तो कमल सूर्यवंशी, कमलेश, अमन व अन्य पड़ोसियों विवाद कर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर पड़ोसियों ने संत कुमार के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा 7 वार कर दिया है। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### महिला से दैहिक शोषण सरपंच पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। पति को छोड़कर अलग रह रही महिला से दैहिक शोषण करने वाले सरपंच के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा टीआई उमेश साहू ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति को छोड़कर अकेले रह रही थी। एक साल पहले बोड़सरा के सरपंच संजय सूर्यवंशी से महिला की जान पहचान हुई। शादी करने का आश्वासन देकर पिछले एक साल से वह दैहिक शोषण करने लगा। अब उसने महिला से दूरी बना ली है और उसका मोबाइल नहीं उठा रहा है। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत चकरभाठा थाने में की। चकरभाठा पुलिस ने शून्य में सरपंच के खिलाफ बीएनएस की धारा 64, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर घटनास्थल बिल्हा थाना क्षेत्र होने से डायरी बिल्हा थाना भेज दिया है।

---

**एशियन डेवलपमेंट बैंक से मिलने वाली मदद खत्म** | **पूरे राज्य में किया गया था सड़कों का निर्माण**

# पीडब्ल्यूडी का एडीबी विंग बंद, छह माह से फंड भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा राज्य में बनाई जा रही सड़कों का काम रोक दिया गया है।

पीडब्ल्यूडी के विंग के नाम से जाने व पहचाने वाले विभाग को पिछले 6 माह से फंड नहीं मिला है। हालत यह है कि इस विभाग में पदस्थ अधिकारियों का स्थानतरंण मूल विभाग पीडब्ल्यूडी में कर दिया गया है और अब कार्यालय में गिनते के कर्मचारी बच गए हैं। खास बात यह है कि एडीबी विंग द्वारा 15 जिलों में करीब 55 से अधिक सड़कों का निर्माण पिछले 8 साल के भीतर में कराया गया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के लोन द्वारा पिछले 8 सालों में प्रदेश के भीतर शानदार सड़कें बनाई गई हैं, इन सड़कों की गुणवत्ता देखकर हर किसी को यह अंदाजा लग जाता है कि इन सड़कों को बनाने वाले एजेंसी एडीबी विंग ही है। सड़क की गुणवत्ता और टिकाउपन के चलते ही एक के बाद एक राज्य भर में तीन बार लोन मिल चुका है, और 50 से अधिक सड़कों का निर्माण कराया गया है। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों को बाजार, स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूलों से जोड़ने में इन सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इससे स्थानीय रोजगार बढ़ा है और लोगों के जीवन स्तर पर सुधार भी होने लगे हैं, लेकिन लोन 4 योजना के बाद एशियन डेव्लपमेंट बैंक ने फंड रोक दिया है। विभाग में अब कर्मचारियों और अधिकारियों को मूल विभाग में भेज दिया गया है, यही कारण है कि एडीबी का कार्यालय अब विरान हो चुका है। उच्च अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में इस विभाग के शुरू होने की भी संभावनाएं भी खत्म हो चुकी हैं।

### भ्रष्टाचार उजागर होते ही लगा था बट्टा

खास बात यह है कि पिछले 8 सालों से राज्य की कई मुख्य सड़कों को सीधे तौर पर ग्रामीण अंचलों में जोड़ने में एडीबी विंग ने बड़ी कामयाबी पाई थी। हर साल 3 हजार करोड़ का लोन इस विंग को मिलता रहा है, लेकिन साल 2020 में बालोद 62 करोड़ रूपए और लोरमी से रतनपुर के बीच बनाई गई 106 करोड़ की सड़कों पर घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार का आरोप लगा चुका है हालांकि इन आरोप पर पुख्ता तौर पर कुछ भी सामने नहीं आया है। लेकिन इससे विभाग की छवि पर बट्टा जरूर लग चुका है।

### इन सड़कों का किया गया है निर्माण

रायपुर के टिकरापारा, धमतरी रोड, जांजगीर-चांपा में जैजैपुर-मालखरौदा-गोबरभाठा रोड, रायगढ़ में बकरूमा-लैलूंगा रोड और कोरबा में पाली से सिल्ली रोड सड़क एडीबी द्वारा बनाई गई है। सक्ती-टूंडरी रोड, लोरमी-पैजनिया-मशाना-जरहा रोड, रायगढ़ में धरमजयगढ़-कापू रोड, और करूभाठा-रक्सापाली-कछार-उरसुत-तारापुर से पुटकापुरी होते हुए सुपारोड, रायपुर-बलौदाबाजार और महासमुंद जिले की घोटिया- पलारी-चिखली-सामोढा - अछोला - तुमगांव रोड शामिल है।बिलासपुर के मंगला-भैंसाझार रोड, डोंगरगांव-खुज्जी- पिंकापार-जेवराताला रोड, छुईखदान-उदयपुर-बुंदेली जैसी सड़कों का निर्माण एडीबी विंग द्वारा किया गया है।

### 6 माह से फंड नहीं मिला है

विभाग को पीडब्ल्यूडी के साथ मर्ज कर दिया गया है, जितने कर्मचारी और अधिकारी थे सभी पीडब्ल्यूडी के थे। 6 माह से फंड नहीं मिला है। कार्यालय भी हटा लिए गए है।

**-पंकज मोहन कश्यप**, नोडल अधिकारी, एडीबी

---

**एक-एक बूंद पानी को तरस रहा तालाब, बीच में नामामात्र पानी, जहां मछलियां पकड़ रहे लोग**

# साढ़े छह करोड़ खर्च और 'मैदान' बन गया जतिया तालाब, सोलर पैनल का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कस्तूरबा नगर स्थित जतिया तालाब के सौंदर्यीकरण पर साढ़े छह करोड़ रूपए खर्च किए गए थे। सौंदर्यीकरण को अभी केवल दो साल ही हुए हैं, और पूरी तरह सूखकर मैदान का रूप ले चुका तालाब बूंद-बूंद पानी को तरस रहा है। दो खंड में बंटे तालाब के एक कोने में कुछ गंदा पानी जमा है, जहां लोग फिलहाल मछलियां पकड़ रहे हैं। तालाब की हालत ऐसी है कि शहरवासी तो दूर, मुहल्ले के लोग भी यहां नहीं जाना चाहते।

शहर के बीचोंबीच लोगों को मॉर्निंग वॉक, शाम को ठंडी हवा में टहलने व बच्चों के मनोरंजन के उद्देश्य से कस्तूरबा नगर स्थित जतिया तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया था। सौंदर्यीकरण के नाम पर लगभग साढ़े छह करोड़ रूपए खर्च किए गए थे। जानकारों का तो यहां तक कहना है कि खर्च की गई कुल राशि में से साढ़े तीन करोड़ अकेले फुट कोर्ट में खर्च कर दिए गए थे। बच्चों के झूले, कसरत करने के उपकरण, तालाब भरने के लिए पानी की व्यवस्था करने प्लांट जैसे उपकरणों पर बड़ी रकम खर्च की गई थी। हालत यह है कि आज तालाब खुद बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। दो खंड में बंटे इस तालाब का एक खंड तो पूरी तरह मैदान बन चुका है, वहीं दूसरे खंड के नाममात्र हिस्से में गंदे पानी का जमाव है, जहां क्षेत्र के लोग मछलियां पकड़ते नजर आ जाएंगे। कुल मिलाकर तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर साढ़े छह करोड़ रूपए फूंक देने की बात कही जाए तो यह गलत नहीं होगा।



जतिया तालाब का नहीं हो रहा रख-रखाव, पानी नहीं होने से सूख रहा तालाब।

### सोलर प्लांट-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट दोनों कंडम



नाले के पानी को उपचारित कर शुद्ध पानी तालाब में भरने के लिए यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है, लेकिन इस प्लांट को ही उपचार की जरूरत है। चौकीदार का कहना है कि प्लांट अभी आठ-दस दिनों पूर्व ही खराब हुआ है, लेकिन क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्लांट कभी चालू ही नहीं हुआ है। हुआ भी है तो ज्यादातर खराब हालत में ही देखा गया है। इसी तरह लाईटिंग व विद्युत चलित उपकरणों के संचालन के लिए सोलर पैनल लगाए गए हैं, लेकिन इसका भी कभी लाभ नहीं मिल सका।

### पूरे दिन शराबखोरी, समूह में बैठे नजर आते हैं नशाखोर

जतिया तालाब फिलहाल शराबखोरी और चोरी का मुख्य अड्डा बना हुआ है। दिन में यहां विभिन्न प्रकार का नशा करने वाले बैठते हैं। पूरे तालाब परिसर में ग्रुप बनाकर नशेड़ी यहां अपना मनपसंद नशा करते नजर आ जाएंगे। नशाखोरों की लगातार बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर ही आसपास के लोग भी किसी अप्रिय घटना के बारे में सोचकर अब यहां आने से बचने लगे हैं।

### लाइट, ग्रिल, पाइप, मूर्तियां, कैमरे सब चोरी

तालाब को खूबसूरत बनाने के लिए यहां वाटर फाऊंटेन के साथ काफी लाईटिंग की गई थी। उद्घाटन के बाद शुरूआती दौर में रंग-बिरंगी लाईटें जलती भी थीं। अब यहां चोरों की नजर है। चोरों को भी पता है कि शाम होते ही यहां सूनापून रहता है, जिसका वे भरपूर फायदा उठाने लगे हैं। यहां की लाईटें चोरी चली गई हैं। यहां विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक की मूर्तियां लगाई गई थीं, जिन्हें पूरा उखाड़कर चोर ले जा चुके हैं। लोहे की रेलिंग लगभग रोज ही गैस कटर से काटे जा रहे हैं। यहां की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए 24 कैमरे ही चोरी चले गए। पानी की पाईप लाईन उखाड़कर चोरी की जा चुकी है।

### बोर कराने महापौर से कहा था, नहीं हुआ - पार्षद

वार्ड पार्षद भरत कश्यप ने कहा कि छह से सात करोड़ जैसी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी तालाब की दुर्दशा दुर्भाग्यजनक है। तालाब खुद एक-एक बूंद पानी को तरस रहा है। उन्होंने बताया कि तालाब में पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के संबंध में उन्होंने बारिश से पूर्व महापौर पूजा विधानी से निरीक्षण करने को कहा था। महापौर ने निरीक्षण किया था, जिनसे यहां तीन बोर कराने की मांग की गई थी। तीन बोर छह लाख रूपए में हो जाएगा, जिससे छह करोड़ का बदहाल हो चुका तालाब केवल छह लाख का बोर करने से फिर लगालब हो सकता है। महापौर ने तब बोर के लिए हामी भरी थी, लेकिन आज दिनांक तक बोर के संबंध में कोई पहल नहीं की गई।

### लिखित में कुछ नहीं आया प्रयास करेंगे: महापौर

महापौर पूजा विधानी ने बताया कि वे कुछ महीनों पहले निरीक्षण के लिए जतिया तालाब गई थीं, तब वहां की स्थिति देखकर उन्होंने शहर विधायक अमर अग्रवाल से भी तालाब को व्यवस्थित करने संबंधी चर्चा की थी। अगर पार्षद को वहां कुछ व्यवस्थाएं करवानी हैं तो मांगों को लिखित में प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि उन पर शीघ्र अमल हो सके। महापौर ने कहा कि बात केवल बोर कराने की नहीं है। भूजल स्तर के लगातार नीचे जाने व पानी की समस्या को ध्यान में रखकर नगर निगम नए बोर कर भूजल के अनावश्यक दोहन से अब परहेज कर रहा है, लेकिन जतिया तालाब में पानी भरने के लिए कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था जरूर करेंगे।

---

# चैतमा तक पहुंचा हाथी, वापसी की उम्मीद पर कर रहे चौकसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पोंड़ी बिल्हा की ओर से भटकते हुए सीपत वन परिक्षेत्र में पहुंचा हाथी का लोकेशन वर्तमान में चैतमा पाली में मिल रहा है, लेकिन उसके वापस रास्ते से आने की उम्मीद पर वन विभाग की टीम अभी भी सीपत क्षेत्र में चौकसी कर रही है। इस दौरान ग्रामीणों को भी बाहर में आग जलाकर रखने का अनुरोध किया जा रहा है, ताकि हाथी उनके घरों और खेतों में लगी फसलों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचाए।

- **सीपत क्षेत्र में अलर्ट**

बिलासपुर वन मंडल के सीपत वन परिक्षेत्र और बेलतरा में पिछले 10-11 दिनों से एक हाथी विचरण कर रहा है। हाथी की सूचना मिलने के साथ ही बिलासपुर वन मंडल के एसडीओ टीआर मरई, रेंजर शुभम मिश्रा, उड़नदस्ता की टीम और सीपत व बेलतरा वन परिक्षेत्र के फारेस्ट गार्ड एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंच गए हैं। इस दौरान लगातार हाथी के लोकेशन पर भी नजर रखी जा रही है। 10-11 दिनों के अंदर हाथी ने ग्रामीणों के खेतों पर लगे धान और झोपड़ियों को तोड़ दिया है। इसके अलावा हाथी के हमले से एक महिला की मौत और तीन बच्चे घायल हो गए हैं। वन विभाग के अफसरों ने मृत महिला के परिजन को 25 हजार रुपए और घायलों को 5-5 सौ रुपए तत्काल सहायता राशि तो प्रदान कर दी है, लेकिन हाथी का भय अभी भी ग्रामीणों में बना हुआ है। हाथी के हमले से बचने के लिए झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को सामुदायिक भवन और पंचायत भवन में जाने की सलाह दी जा रही है। एक दिन पहले शनिवार की शाम तक हाथी बेलतरा के खोंदरा नेचरकैंप के आसपास देखा गया था, जिसके पग मार्ग के दिखने के बाद विभाग की टीम खोंदरा के पास बसे ग्रामीणों को अलर्ट करने में जुट गई थी। इसके बाद सूचना पहुंची कि खोंदरा से हाथी पाली के चैतमा में पहुंच गया है। खोंदरा से पाली के बीच रास्ते में उसके पर्ग मार्क कहीं भी दिखाई नहीं दिए। कटघोरा वन विभाग के अफसर हाथी के उनके क्षेत्र में होने की जानकारी तो दे रहे हैं, लेकिन बिलासपुर वन मंडल की टीम हाथी के वापसी की आशंका को देखते हुए मौके पर अभी भी डटे हुए हैं।

### वापस हो सकता है हाथी

बिलासपुर वन मंडल कें सीपत और बेलतरा क्षेत्र के बाद हाथी का पग मार्क कटघोरा वन मंडल के पाली चैतमा के जंगल में देखा गया है। इसकी सूचना संबंधित अधिकारियो को मिल गई है। हाथी के बिलासपुर मंडल से जाने के बाद भी टीम को वापस नहीं बुलाया गया है। हाथी वहां से कभी भी वापस हो सकता है, इसके कारण टीम अभी कुछ दिन मौके पर ही चौकसी करेगी। फिलहाल ग्रामीणों को भी अलर्ट रहने की सलाह दी जा रही है।

**-टीआर मरई,** एसडीओ, वन मंडल बिलासपुर

---

## लारेंस बिश्नोई केस में फंसे हो कहकर रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी से 6 लाख 30 हजार की ठगी

**बिलासपुर**। लारेंस बिश्नोई केस में फंसे हो कहकर नाम हटाने के नाम पर रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी से 6 लाख 30 हजार रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सकरी पुलिस के अनुसार, आसमा सिटी फेस 2 निवासी रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी दिवाकर मण्डल पिता भूतनाथ मण्डल 61 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 2 नवंबर को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि वह टेलीकाम आफिस से बोल रहा है। आपके आईडी से मुंबई में कनाडा बैंक में एक खाता चल रहा है। फिर उसने एक व्यक्ति से बात कराई, उसने कहा कि वह क्राइम ब्रांच मुबंई से बाल सिंह राजपूत बोल रहा है,आपका खाता मनी लांड्रिंग केस में जुड़ा हुआ है। लारेंस बिश्नोई केस में फंसे हो कहकर नाम हटाने के एवज में उनसे पैसे की मांग की गई। उसके बाद वाट्सएप के माध्यम से फोन किया और उन्हें उनका आधार कार्ड, पैनकार्ड दिखाया। डर से श्री मण्डल ने आरटीजीएस के माध्यम से 6 लाख 30 हजार रुपए उसके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद उक्त मोबइल नम्बर लगातार बंद आ रहा है। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने श्री मण्डल की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## मदरसा बोर्ड के फर्जी सदस्य बने पूर्व पार्षद के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। मदरसा बोर्ड के फर्जी सदस्य बनने वाले पूर्व पार्षद के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पेंड्रा पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 7 पेंड्रा निवासी परवेज सिद्दिकी पिता हबीबबुल्ला 57 साल ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार नगर पेण्ड्रा के पूर्व पार्षद शाहिद राईन के द्वारा 14 सितंबर 2023 से अपने आपको को छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड रायपुर का सदस्य बताकर राजकीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तम्भ तीन शेर दर्शाते हुए कपट पूर्वक फर्जी कुटरचित लेटर पेड बनाकर प्रयोग किया, शासकीय लोकार्पण पट्टिकाओं में स्वयं का नाम शाहिद राईन सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड रायपुर उल्लेखित कराया, साथ ही निज निवास के सामने राजकीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तम्भ का प्रयोग करते हुए शाहिद राईन सदस्य मदरसा बोर्ड रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के नाम पट्टिका लगाकर आम जनता एवं शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को धोखा दिया है। शिकायत पेंड्रा थाना प्रभारी एवं उच्च अधिकारियों को दी गई थी। शिकायत की जांच में आरोप प्रथम दृष्टिया संज्ञेय अपराध पाए जाने पर पेंड्रा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 170 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### गंभीर अपराध है

वरिष्ठ कांग्रेस नेता परवेज सिद्दिकी ने कहा फर्जी दस्तावेजों एवं झूठी पहचान के माध्यम से सार्वजनिक संस्थानों की गरिमा को ठेस पहुंचाना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाए जाने चाहिए।विधि विशेषज्ञयों से चर्चा करने पर उन्होंने बतलाया, उक्त प्रकरण में आईपीसी की धारा 170 के अतिरिक्त आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 व राजकीय प्रतीक चिन्ह प्रतिषेध अधिनियम 2005 की धारा 3 जुड़ेगी।

## देह व्यापार के मामले में एक महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- **पूर्व में पकड़ी गई महिला का पति भी कारोबार में लिप्त, महिला लाती थी ग्राहक**

देह व्यापार के मामले में पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस कारोबार में लिप्त एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व में एक महिला को पकड़ा गया था। इसके साथ पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

बता दें कि 10 नवंबर को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आकाशवाणी चौक के समीप एक मकान अनैतिक देह व्यापार हो रहा है, जिसमें युवक व युवतियों से अवैध रूप से वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। इस सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उक्त घर में छापा मारने के साथ ही देह व्यापार में लिप्त एक महिला को पकड़ा गया था जबकि बाहर से बुलाई गई चार युवतियां बरामद की गई थी। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्रियां भी बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में महिला को धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि गिरफ्तार की गई महिला का पति सुनील कुमार भी इस अवैध कारोबार में शामिल है। एक अन्य महिला है जो ग्राहक ढूंढने का काम करती है जबकि उसका साथी हेमंत दास देह व्यापार के लिए लड़कियों को ग्राहक तक लाने-लेजाने का काम करता है। ऐसे में पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधर पर 13 दिसम्बर को मायापुर निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार आ. कमला साव, दरिमा तेलसखरिया निवासी 33 वर्षीय हेमंत दास आ. स्व. राजेश दास व एक अन्य महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि मामले की विवेचना चल रही है।





## चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री नान इंटरलाकिंग कार्य शुरु

**बिलासपुर**। रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर तक चौथी लाइन का निर्माण कार्य 2979 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके लिए अन्य स्टेशन के बाद बाराद्वार स्टेशन पर चौथी लाइन की कनेक्टिविटी के लिए प्री नान इंटरलाकिंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।



हावड़ा से मुम्बई के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में अधोसंरचना के तहत चौथी लाइन, तीसरी लाइन व अन्य कार्य किए जा रहे हैं। यह लाइन काफी महत्वपूर्ण है, जिसमें मालगाड़ियों के साथ 100 से अधिक यात्री गाड़ियों का परिचालन होता है। इस लाइन पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन निर्माण कार्य तेजी से जारी है। क्षमता वृद्धि एवं परिचालन दक्षता सुधार के उद्देश्य से चल रही इस परियोजना में चांपा से खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री नानइंटरलाकिंग एवं नॉन इंटरलाकिंग कार्य प्रारंभ किया गया है। चौथी लाइन परियोजना की कुल लंबाई 206 किमी है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2979 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में अब तक 140 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में स्टेशन यार्ड का पुनसंरचना, नए टर्न आउट्स की स्थापना, ट्रैक स्लूइंग व लिंकिंग, सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रिकल उपकरणों का स्थानांतरण, केबलिंग, ओवरहेड संरचनाओं का समायोजन आदि कार्य शामिल है।

## नकाबपोशों ने प्रापर्टी डीलर पर चाकू से किया हमला

**बिलासपुर**। चार बाइक व स्कूटी सवार 8 नकाबपोशों ने प्रापर्टी डीलर पर अचानक हमला कर चाकू पत्थर से हमला कर दिया है। पुलिस ने नकाबपोशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, तालापारा निवासी प्रापर्टी डीलर अफजल खान पिता अमीर खान ने रिपोर्ट लिखाई। 11 दिसंबर को वे निजी काम से शिवनाथ एक्सप्रेस से नागपुर जाने के लिए दोस्त साहिल खान, आदिल खान बाइक से रेलवे स्टेशन जा रहे थे। स्टेशन के पहले विद्यांचल विश्राम गृह के सामने स्कूल के बाउंड्री के पास रात 8.45 बजे पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे एक्टिवा सवार नकाबपोश दो युवक आए और उनकी बाइक की चाबी निकालकर रास्ता कहां जाता है पूछे। इसी दौरान तीन बाइक में 6 नकाबपोश आए और अफजल को खींचकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू व पत्थर से हमला कर दिया और भाग गए। पुलिस ने अफजल खान की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर नकापोशों को नहीं पकड़ पाई है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता 19 व 20 को

**कोरबा।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन संपन्न किया जाना है। युवा उत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों में जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर तथा राज्य स्तर के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जायेगा। युवा उत्सव आयोजन में इस वर्ष आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक (प्रतिभागियों हेतु) एवं 18 से 40 वर्ष तक (संगतकारों हेतु) निहित की गई है। जिसके अंतर्गत विधाएं लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड सहित कुल 14 विधाएं शामिल की गई हैं। कोरबा जिला में युवा उत्सव का आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से वि.गृ.उ.मा.वि. क्र 01, कोरबा में आयोजित किया जाना है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को

**कोरबा।** जिले में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। गौरतलब है कि भारत सरकार एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को आयोजित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथ में तथा मॉप अप दिवसों 22 व 23 दिसंबर को गृह भेंटकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा।

### रेडी टू ईट के संचालन में अरुचि पड़ी भारी, चयनित समूह का अनुबंध निरस्त

**कोरबा।** सक्षम आंगनबाडी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईट आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु महिला स्व सहायता समूहों के चयन अभिरुचि के मंगाए गए प्रस्ताव में चयनित स्व सहायता समूहों पर संचालन शुरू करने रुचि नहीं लिए जाने पर अब शासन -प्रशासन एक्शन मोड़ में आ गई है। आकांक्षी जिला कोरबा में चोटिया परियोजना से इसकी शुरूआत कर दी गई है। चयनित समूह आदर्श महिला स्व सहायता समूह खिरटी ग्राम खिरटी पोस्ट मोरगा विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा का अनुबंध जिला पंचायत सीईओ ने निरस्त कर दिया है। अंतिम सूची के अनुसार प्रतिक्षारत स्मृति स्व सहायता समूह बुढ़ीपीपर टिहली सरई पोस्ट मोरगा का चयन कर संचालन दायित्व सौंपा गया है। इस प्रशासनिक कार्रवाई को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा मानसून सत्र में रेडी टू ईट समूह चयन में भ्रष्टाचार को लेकर 8 जुलाई को ध्यानाकर्षण के माध्यम से दागे गए सवाल के परिप्रेक्ष्य से जोड़कर देखा जा रहा है । बहरहाल इस प्रशासनिक कार्रवाई से अन्य चयनित समूहों में भी हड़कम्प मचा है।

### शीतकालीन छुट्टियों में धार्मिक ,पर्यटन स्थलों के लिए ट्रेनों में लंबी वेटिंग

**कोरबा।** इस बार क्रिसमस की छुट्टियां व नए साल में घूमने जाने वाले या फिर वापस आने वालों को ट्रेन की लंबी वेटिंग से दो-चार होना पड़ सकता है. जिन पैसेंजर ने 2 महीने पहले रिजर्वेशन कराया था, उनकी वेटिंग भी कंफर्म होना मुश्किल है। दरअसल 24 दिसंबर से 5 जनवरी तक ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर थर्ड और सेकंड एसी तक लंबी वेटिंग है। लंबी वेटिंग को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेन चलाने व अतीरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है, लेकिन यात्रियों को इन ट्रेनों में सफर के लिए अधिक किराया चुकाना पड़ेगा। इस साल सबसे अधिक धार्मिक स्थालों पर जाना लोग पसंद कर रहे हैं। इसके चलते वैष्णो देवी, अयोध्या, मथुरा आदि धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट अधिक देखने को मिल रही है।

# पाली पड़निया गांव में डीएमएफ से बन रहे पीडीएस भवन के निर्माण पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

डीएमएफ से कटघोरा ब्लाक के पाली पड़निया गांव में स्वीकृत पीडीएस भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन होने के बाद भी राशि जारी नहीं होने के मामले में जब जनप्रतिनिधियों ने इसकी जानकारी ली तो चौंकाने वाला मामला सामने आया। बताया जाता है कि गांव का एसईसीएल के द्वारा भूअर्जन किए जाने की तैयारी को देखते हुए नए कार्य नहीं होंगे।

जिला पंचायत की सामान्य सभा में यह मुद्दा विनोद यादव जिला पंचायत सदस्य के द्वारा उठाया गया। उन्होंने बताया कि कटघोरा ग्राम के पाली पड़निया में डीएमएफ से पीडीएस भवन का निर्माण स्वीकृत हुआ था जिसके कार्य के लिए क्षेत्रीय विधायक के द्वारा भूमिपूजन किया गया था। दो माह बीत जाने के बाद भी कार्य शुरु नहीं हुआ तब जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव ने इस संबंध में कलेक्टोरेट के डीएमएफ शाखा से इसकी जानकारी ली तो बताया गया कि पाली पड़निया गांव का एसईसीएल में खदान के लिए भूअर्जन किया जाना है इसलिए ऐसे गांव में नए निर्माण कार्य के लिए राशि जारी नहीं होगी। एक तरफ पाली पड़निया गांव में भूअर्जन के कारण पीडीएस भवन का निर्माण कार्य रोक दिया गया है वहीं दूसरी ओर उसी पाली पड़निया गांव में जलजीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया है और अभी भी चल रहे हैं। जिसमें केंद्र सरकार की बड़ी राशि खर्च हो रही है। इस मुद्दे को भी जिला पंचायत सदस्य श्री यादव ने सभा में रखा था। हालांकि पीएचई के कार्यपालन अभियंता रमन उरांव का कहना है कि उनके पास ऐसा कोई लिखित में आदेश नहीं आया है। जिसमें पाली पड़निया गांव के भूअर्जन में शामिल होने की जानकारी दी गई हो। जल जीवन मिशन के जो भी काम पाली पड़निया में चल रहे हैं वो पूर्व में स्वीकृत हो चुके हैं।

### सामान्य सभा में जिला पंचायत सदस्य ने उठाया है मामला

**खास बातें**

- डीएमएफ से स्वीकृत हुआ था पीडीएस भवन
- दो माह पूर्व हुआ था निर्माण कार्य का भूमिपूजन

### अमगांव और मलगांव में नहीं हो रहे काम

अमगांव और मलगांव के संबंध में एसईसीएल के द्वारा पीएचई विभाग को पूर्व में ही जानकारी दे दी गई थी। इन दोनों गांव का भूअर्जन होने के कारण अब वहां किसी भी तरह के कोई नए कार्य की स्वीकृति पर रोक लग गई है। मलगांव और अमगांव में जल जीवन मिशन से संबंधित कोई भी काम नहीं हो रहे हैं। पीएचई विभाग के पास केवल इन दोनों गांव के संबंध में ही जानकारी सामने आयी है। हाल ही में प्रशासन के द्वारा भूअर्जन में आने वाले पांच गांव की जमीनों की खरीदी बिक्री पर पहले ही रोक लगा दी गई है। इन गांव में भी अब कोई काम नहीं हुआ है।

### डूबान क्षेत्र पार कर निरीक्षण के लिए आते हैं अधिकारी

# कोरबा ब्लाक में आने वाले दो स्कूलों की जिम्मेदारी संभालते हैं पोड़ी उपरोड़ा बीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अजगरबहार तहसील बनने के बाद आसपास के ग्रामों में विकास कार्यो के साथ साथ जमीन संबंधी विवाद के निपटारे एवं सीमा क्षेत्र के निर्धारण के काम तेजी से शुरु हुए हैं। इसी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोड़ा नाला की स्थिति इसके विपरीत है। यह गांव अजगरबहार तहसील के समीप होने के बाद भी इसके स्कूल और पटवारी हल्का पोड़ी तहसील अंतर्गत आते हैं।

बोड़ा नाला गांव की स्थिति अखंड मध्यप्रदेश के समय से लेकर जस की तस बनी हुई है। हालांकि ऐसे कुछ और गांव हैं जो भौगोलिक रुप से अजगरबहार तहसील व कोरबा ब्लाक के अंतर्गत आते हैं लेकिन इनके प्रशासनिक और अन्य कार्य पोड़ी तहसील व पोड़ी ब्लाक के अधीन हैं इनमें सबसे पहले बोड़ा नाला गांव सामने आता है। जिसके प्राथमिक शाला और मीडिल स्कूल की जिम्मेदारी पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर है। जो डूबान के दूसरी छोर में है। पोड़ी उपरोड़ा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी को स्कूल के निरीक्षण के लिए सड़क के रास्ते लंबी दूरी का सफर तय कर पहुंचना पड़ता है। निरीक्षण के लिए अधिकारियों को कछार से माचाडोली तक सड़क बनने से पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र से बांगो माचाडोली होते हुए कछार अजगरबहार, गढ़ उपरोड़ा और सतरेंगा के बाद बोड़ानाला गांव पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति लंबे समय से बने रहने के बाद भी बोड़ा नाला को कोरबा ब्लाक में शामिल करने की कवायद नहीं हुई थी लेकिन अब भौगोलिक स्थिति को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराने का निर्णय लिया है। हालांकि इसके पूर्व भी ग्राम सुराज अभियान के तहत बोड़ानाला को कोरबा ब्लाक में शामिल करने पत्र लिखा गया था।

### शासन स्तर का निर्णय

किसी भी ब्लाक के क्षेत्र निर्धारण का अधिकार शासन को है। बोड़ानाला स्कूल को कोरबा ब्लाक में शामिल करने से संबंधित निर्णय शासन स्तर पर होगा क्योंकि बोड़ानाला स्कूल एवं गांव से संबंधित अन्य रिकार्ड पोड़ी उपरोड़ा तहसील और ब्लाक मुख्यालय में होने के कारण इसके लिए रिकार्ड हस्तांतरण की प्रक्रिया से गुजरना होगा और यह शासन के निर्णय के बाद ही संभव हो सकेगा। पूर्व में भी शिक्षा विभाग को इसके पत्र दिए जा चुके हैं।

### मांग आएगी तो प्रयास करेंगे

साखो और बोड़ानाला गांव भौगोलिक दृष्टि से कोरबा ब्लाक में हैं किंतु स्कूल आदि की व्यवस्था पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड से संचालित होती है। अगर जनप्रतिनिधियों की ओर से दोनो गांव को कोरबा ब्लाक में शामिल करने के संबंध में कोई पत्र आएगा तो प्रयास किया जाएगा किंतु यह निर्णय शासन स्तर का है। इसमें शासन ही कोई निर्णय ले सकता है।

**- टी पी उपाध्याय,** डीईओ

# पानी टंकी का निर्माण अधूरा घरों में लगे नल भी टूट गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



गांव गांव में पानी टंकी का निर्माण एवं घर-घर में नल तो लग गया इसमें जल कब आएगा इसका पता नहीं है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहले विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव में पानी टंकी का निर्माण कई गांव में पानी टंकी का निर्माण आज भी आधा अधूरा है। घर घर में नल तो लग गया है जो कई जगह से टूट भी गया है।

टंकी बनाने एवं पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन का विस्तार भी पूरे गांव में होना था किंतु कई गांव में आज भी पाइप लाइन का विस्तार पूर्ण नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत मानिकपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम सजाबाहरी में पानी टंकी बनकर 1 साल पहले पूर्ण हो चुका है। वहां पर अब तक पानी सप्लाई भी शुरू हो जाना था किंतु ठेकेदार द्वारा हैंडपंप में लगे सबमर्सिबल पंप एवं हैंडपंप में लगे पाइप को निकालकर ले गया जिससे वहां पर पानी सप्लाई तो दूर हैंडपंप भी बंद पड़ा हुआ है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत राजकम्मा मदनपुर में पानी टंकी का निर्माण होना था किंतु आज तक वहां पर निर्माण नहीं हुआ ना ही हाईस्कूल में पेयजल की व्यवस्था हो पाई है। ऐसी समस्या कई ग्राम पंचायत में विद्यमान है किंतु इसे देखने की जरूरत शायद संबंधित विभाग द्वारा नहीं समझा जाता जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या आए दिन विद्यमान रहती है।

# बोईदा में गौरव पथ निर्माण में भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



निर्माणाधीन सड़क।

ग्राम पंचायत बोईदा के नायकपारा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता एवं गुणवत्ता में भारी कमी के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में हल्का मुरुम डालकर कार्य किया जा रहा है, जिससे पानी के दबाव के कारण कई स्थानों पर सड़क दबने लगी है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि नियमानुसार सड़क निर्माण में समुचित खुदाई, समतलीकरण, रोलर से संपीडन एवं मशीनरी का उपयोग अनिवार्य होता है लेकिन ठेकेदार द्वारा इन नियमों की अनदेखी करते हुए जल्दबाजी में हल्का मुरुम डालकर सड़क बनाई जा रही है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि सीमेंट कंक्रीट कार्य में मिलर के माध्यम से केवल 18 से 20 बोरी सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, जबकि मानक अनुसार 27 से 28 बोरी सीमेंट डाली जानी चाहिए। कम मात्रा में सीमेंट उपयोग किए जाने से सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस अनियमितता के विरोध में सरपंच संजय राज, उपसरपंच श्वेता दुष्यंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। सरपंच एवं उपसरपंच ने स्पष्ट कहा कि यदि एक-दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य को नियमों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप दुरुस्त नहीं किया गया, तो ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य पूर्णतः बंद करा दिया जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने ई-पीएमजीएसवाई के दूरभाष माध्यम से विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषी ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि जब तक गुणवत्तापूर्ण एवं नियमों के अनुसार निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

### जनहित से समझौता नहीं

मेरे पंचायत में कोई भी काम हो वह अच्छे और गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए। यह मेरा ग्राम पंचायत है और जनता के हित से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**- संजय राज**
सरपंच, ग्राम पंचायत बोईदा

### कराई जाएगी जांच

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कें ग्रामीणों की जीवनरेखा होती हैं। ऐसे में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या घटिया गुणवत्ता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क का निर्माण शासन के तय मापदंडों और तकनीकी नियमों के अनुसार ही होना चाहिए। यदि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता से समझौता किया गया है, तो इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

**- दुष्यंत शर्मा,** विधायक प्रतिनिधि

# धान खरीदी प्रक्रिया में फिर संशोधन, लघु और सीमांत किसानों को मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जब से धान खरीदी शुरु हुई है राज्य शासन के द्वारा नियमों में बदलाव किए जाने का दौर शुरु किया गया है। अब टोकन काटने की सुविधा 24 घंटे दी गई है। इसका लाभ केवल लघु और सीमांत किसानो को ही मिलेगा। बड़े किसानों को इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। नई तारीख जारी होने के बाद ही बड़े किसान धान बेच सकेंगे। समितियों में धान की आवक जिस तेजी से बढ़ी है उसमें अब तक टोकन काटने का समय नहीं बढ़ाए जाने से लघु, सीमांत एवं बड़े किसान परेशान हुआ करते थे। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ही टोकन काटने का समय निर्धारित किए जाने से इतने समय में जितनी लिमिट प्रतिदिन की शासन ने निर्धारित किया है उतने ही क्विंटल के धान का टोकन कटता था। इससे किसानों की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही थी। अब राज्य शासन के द्वारा संशोधित आदेश जारी कर सीमांत और लघु किसानों को राहत देते हुए उनके लिए टोकन तुंहर द्वार का ऐप 24 घंटे खुला रखने का निर्देश दिया गया है। इससे लघु और सीमांत किसान लाभान्वित होंगे किंतु शासन के द्वारा निर्धारित प्रतिदिन की लिमिट के अंदर ही टोकन काट सकेंगे। एक माह धान खरीदी को पूरा होने के बाद भी किसानों को राहत दिए जाने में शासन की ओर से उदासीनता बरते जाने के कारण तथा लिमिट नहीं बढ़ाए जाने की स्थिति में बीते वर्ष की तुलना में धान कम खरीदा गया है।

### सागबाड़ी प्राशा में दो शिक्षकों से बदल रही शिक्षा की तस्वीर

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम सागबाड़ी में वर्षों से प्राथमिक शाला संचालित है। यह स्कूल गांव के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रमुख आधार रहा है। एकमात्र शिक्षक होने के कारण विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती थी। स्कूल में एचएच के रूप में राम सिंह लम्बे समय से सेवारत हैं। उनके लिए अकेले सभी कक्षाओं को पढ़ाना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि एकमात्र शिक्षक होने की स्थिति में उन्हें कई शैक्षणिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### 15 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक क्रमिक आंदोलन का थमाया नोटिस

# मांगे पूरी नहीं होने से आक्रोशित महासंघ ने आंदोलन का रास्ता किया अख्तियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव के साथ महासंघ की बैठक एवं सकारात्मक चर्चा के बाद भी मांगों को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने व आंदेश जारी नहीं करने से आक्रोशित महासंघ ने एक बार फिर आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया है। महासंघ ने कंपनी प्रबंधन को हड़ताल संबंधी नोटिस भी थमा दिया है।

महासंघ ने निर्णय लिया है कि जब तक कंपनी प्रबंधन आदेश जारी नहीं करता है वह अपना आंदोलन जारी रखेगा। कंपनी प्रबंधन को जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 15 दिसंबर को सभी क्षेत्रीय मुख्यालय एवं उत्पादन केन्द्र मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया जाएगा। इसके बाद भी अगर 30 दिसंबर तक आदेश जारी नहीं किया जाता है तो 1 जनवरी 2026 से 10 जनवरी तक वर्क टू रूल कार्यक्रम के तहत विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 11 फरवरी 2026 से कामबंद हड़ताल की चेतावनी दी गई है। महासंघ के कर्मचारी हितैषी ज्वलंत मांगों के संबंध में लिखित आश्वाशन के बावजूद अभी तक आदेश जारी नहीं होने एवं सोलर पॉवर पैनल नहीं लगाने पर अनुषंगी लाभ को बंद करने के विरोध में महासंघ ने एक बार फिर मोर्चा खोलते हुए आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के द्वारा कर्मचारी हितैषी अत्यंत ज्वलंत मांगों के संबंध में 9 अक्टूबर को विद्युत कंपनी मुख्यालय रायपुर के सामने एकदिवसीय विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन किया गया था तत्पश्चात 10 से 17 अक्टूबर तक क्रमिक धरना प्रदर्शन किया गया। विद्युत प्रबंधन के महासंघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता में दो महत्वपूर्ण मांग प्रथम 2004 के बाद विद्युत कंपनी में नियुक्त कर्मचारी अधिकारी के लिए पुरानी पेंशन बहाली और द्वितीय संविदा कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन वृद्धि के आदेश शीघ्र जारी किए जाने पर सहमति बनी। जिस संबंध में विद्युत प्रबंधन के द्वारा लिखित ने आश्वासन जारी किया गया। लेकिन दो माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी आज तक विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा किसी प्रकार का आदेश जारी नहीं किया गया इसी बीच विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा सभी नियमित सेवानिवृत्त हो कर्मचारियों अधिकारियों के आवासीय परिसर में पी एम सूर्यघर्योजना के तहत सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित करने का एकतरफा तुगलकी आदेश जारी कर दिया गया और सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित नहीं करने पर अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से कर्मचारियों अधिकारियों को अनुषंगी लाभ के तहत बिजली बिल में मिल रहे 50 प्रतिशत छूट को बंद कर दिया गया। विद्युत कंपनी प्रबंधन के कर्मचारी हितों के साथ कुठाराघात और वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ के द्वारा पुनः आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411